Queensland Health

About immunisation
टीकाकरण के बारे में

Information for older people
वृद्ध लोगों के लिए जानकारी

Easy English

Hindi \ हिंदी

Queensland Government



Hard words
कठिन शब्द

This book has some hard words.

इस पुस्तक में कुछ कठिन शब्द शामिल हैं।

The first time we write a hard word

जब हम किसी कठिन शब्द को पहली बार लिखते हैं, तो

- the word is in **blue**
- वह शब्द **नीले रंग** में लिखा जाएगा

- we write what the hard word means.
- हम कठिन शब्द का अर्थ बताएँगे।

You can get help with this book
आप इस पुस्तक के साथ सहायता प्राप्त कर सकते/सकती हैं

You can get someone to help you

आप निम्नलिखित कार्यों के लिए किसी से सहायता ले सकते/सकती हैं

- read this book
- पुस्तक पढ़ने के लिए

- know what this book is about
- इस पुस्तक की सामग्री के बारे में जानने के लिए

- find more information.
- और अधिक जानकारी का पता लगाने के लिए ।

About this book
इस पुस्तक के बारे में

This book is written

यह पुस्तक

- by Queensland Health
- Queensland Health द्वारा लिखी गई है



- for older people.
- वृद्ध लोगों के बारे में है।

This book is about **immunisation**.

यह पुस्तक **टीकाकरण** के बारे में है।

Immunisation means your body is protected from some diseases.

टीकाकरण का अर्थ है कि आपके शरीर की कुछ रोगों से सुरक्षा की जाती है।

You need to have a **vaccine** to be immunised.

प्रतिरक्षित होने के लिए आपको **टीका लगवाने** की ज़रूरत होती है।

A vaccine is protection medicine.

टीका एक सुरक्षात्मक दवाई है।

The medicine might be

दवाई को



- injected
- सुई से लगाया जा सकता है

- swallowed.
- मुँह से निगला जा सकता है।

All vaccines used in Australia are safe.

ऑस्ट्रेलिया में प्रयोग किए जाने वाले सभी टीके सुरक्षित होते हैं।

Why is immunisation important?
टीकाकरण क्यों महत्वपूर्ण है?

Immunisation protects you from diseases that can

टीकाकरण आपको ऐसे रोगों से सुरक्षा प्रदान करता है, जिनसे



- make you sick
- आप बीमार पड़ सकते/सकती हैं

- cause death.
- आपकी मृत्यु हो सकती है।

Immunisation can protect you from a lot of diseases.

टीकाकरण आपको कई रोगों से सुरक्षा प्रदान कर सकता है।

For example

उदाहरणत:

- the flu
- फ्लू



- shingles
- शिंगल्स

- a painful rash that makes you very sick.
- त्वचा पर दर्दनाक चकत्ते जिससे आप बहुत बीमार पड़ सकते/सकती हैं।

When a lot of people get immunised it is hard for diseases to spread in the community.

जब बहुत से लोगों का टीकाकरण होता है, तो रोगों का समुदाय में फैलना कठिन हो जाता है।

Who should get immunised?
टीकाकरण किसे करवाना चाहिए?

Everyone should get immunised.

सभी लोगों को टीकाकरण करवाना चाहिए।

For example

उदाहरणत:



- babies
- शिशु



- children
- बच्चे



- young adults
- युवा वयस्क



- adults
- वयस्क



- older people.
- वृद्ध लोग।

It is very important for older people to get immunised. It is harder to fight disease when you get older.

वृद्ध लोगों के लिए टीकाकरण करवाना बहुत महत्वपूर्ण होता है। जब आपकी आयु अधिक होती है, तो रोगों का सामना करना और अधिक कठिन हो जाता है।

When should you get immunised?
आपको टीकाकरण कब करवाना चाहिए?



Australia has an immunisation **schedule**.

ऑस्ट्रेलिया में एक टीकाकरण **शेड्यूल** है।



A schedule says which vaccines should be given at different ages.

शेड्यूल में यह बताया जाता है कि अलग-अलग आयु पर कौन से टीके लगाए जाने चाहिए।

It is important to follow the schedule.

शेड्यूल का अनुपालन करना महत्वपूर्ण है।

When you follow the schedule you will be better protected from disease.

शेड्यूल का अनुपालन करने से रोगों से आपकी सुरक्षा बेहतर रूप से होगी।

You might have to get immunised again if you do **not** have immunisation records from your home country.

यदि आपके पास अपने स्वदेश के टीकाकरण रिकॉर्ड **नहीं** हैं, तो आपको फिर से टीकाकरण करवाना पड़ सकता है।



If you travel outside Australia you might need immunisations to keep you safe from disease.

ऑस्ट्रेलिया से बाहर यात्रा करते समय आपको रोगों से सुरक्षित रहने के लिए टीकाकरण की ज़रूरत हो सकती है।



Your doctor can tell you which immunisations you will need.

आपका डॉक्टर आपको यह बता सकता है कि आपको किन टीकों की ज़रूरत होगी।

Will the immunisations hurt?
क्या टीका लगाए जाते समय दर्द होगा?



You might feel a small pain when you get the injection.

सुई लगाए जाते समय आपको थोड़ा दर्द महसूस हो सकता है।

You might have pain **after** the injection. For example, a sore arm.

सुई लगवाने के **बाद** आपको दर्द हो सकता है। उदाहरणत:, बाजू में दर्द।



You might have a mild fever **after** the injection.

सुई लगवाने के **बाद** आपको हल्का बुख़ार हो सकता है।

Pain and fever will usually go away.

दर्द और बुख़ार आम-तौर पर दूर हो जाएँगे।

If you are worried you can see your doctor.

यदि आपको चिंता हो, तो आप अपने डॉक्टर से मिल सकते/सकती हैं।

Where to get immunised
टीकाकरण कहाँ कराना चाहिए



You can also get immunised by your doctor.

आप अपने डॉक्टर द्वारा भी टीकाकरण करा सकते/सकती हैं।

How much do immunisations cost?
टीकाकरण के क्या खर्च होते हैं?



If you are aged 65 or older you can get a free immunisation for the flu.

यदि आपकी आयु 65 साल या इससे अधिक है, तो आप फ्लू के लिए एक नि:शुल्क टीका लगवा सकते/सकती हैं।




If you are aged 70 you can also get a free immunisation for shingles.

यदि आपकी आयु 70 साल है, तो आपको शिंगल्स के लिए भी नि:शुल्क टीका लगाया जा सकता है।



If you are aged 70 years or older you can also get a free immunisation for pneumococcal disease - a disease that can cause infection of the lungs, brain or blood.

यदि आपकी आयु 70 साल या इससे अधिक है, तो आपको न्यूमोकोक्कल के लिए भी नि:शुल्क टीका लगाया जा सकता है - एक ऐसा रोग जो फेफड़ों, मस्तिष्क और रक्त में संक्रमण पैदा कर सकता है।



If you get immunised by your doctor you might have to pay for the doctor visit.

यदि आपका डॉक्टर आपको टीका लगाता है, तो आपको डॉक्टर की फीस का भुगतान करना पड़ सकता है।

Where can you get your immunisation record?
आप अपना टीकाकरण रिकॉर्ड कहाँ से प्राप्त कर सकते/सकती हैं?

You can get your immunisation record from

आप निम्नलिखित स्रोतों से अपना टीकाकरण रिकॉर्ड प्राप्त कर सकते/सकती हैं:



- your doctor
- अपने डॉक्टर से

- the Australian Immunisation Register.
- Australian Immunisation Register से।

Call the Australian Immunisation Register on 1800 653 809.

Australian Immunisation Register को 1800 653 809 पर फोन करें।



Ask for your immunisation history statement.

अपने टीकाकरण इतिहास कथन (immunisation history statement) के लिए पूछें।

Notes
टिप्पणियाँ

More information
और अधिक जानकारी

For more information contact Queensland Health.

और अधिक जानकारी के लिए Queensland Health से संपर्क करें।

Call 13 432 584

13 432 584 पर फोन करें



If you need an interpreter contact the Translating and Interpreting Service

यदि आपको दुभाषिए की ज़रूरत है, तो Translating और Interpreting Service से संपर्क करें

Call 131 450

131 450 पर फोन करें

This is a free service.

यह एक नि:शुल्क सेवा है।

For information about immunisation visit

टीकाकरण के बारे में जानकारी के लिए यह वेबसाइट देखें:

www.qld.gov.au/health/conditions/immunisation

or

या

www.vaccinate.initiatives.qld.gov.au

For information in your language visit

अपनी भाषा में जानकारी के लिए यह वेबसाइट देखें:

www.humanservices.gov.au/individuals/migrants-refugees-and-visitors

www.humanservices.gov.au/individuals/information-in-your-language

www.healthtranslations.vic.gov.au

© Scope (Aust) Ltd. You may use this document for your own personal, non-commercial purposes only. You must not use the document for any other purpose and must not copy, reproduce, digitise, communicate, adapt or modify the document, or any part of it, (or authorise any other person to do so) without the prior consent of Scope (Aust) Ltd.

Scope's Communication and Inclusion Resource Centre wrote the Easy English version in September, 2019.

To contact Scope call 1300 472 673 or visit www.scopeaust.org.au

To see the original contact Queensland Health.

The Picture Communication Symbols ©1981–2019 by Tobii Dynavox. All Rights Reserved Worldwide. Used with permission.

Boardmaker® is a trademark of Tobii Dynavox.

Queensland Government

scope
making it happen